Pregnancy Help Australia Limited

तथ्य पत्र

ऑस्ट्रेलिया में गर्भपात संबंधी नियम

आस्ट्रेलियाई सरकार गर्भपात संबंधी कानूनों को नहीं बनाती है, इसलिए राज्यों और राज्य-क्षेत्रों के अपने स्वयं के कानून मौजूद हैं। यद्यपि कुछ राज्यों में गर्भपात आपराधिक कानूनों के अंतर्गत आता है, लेकिन यदि कुछ शर्तों को पूरा किया जाए तो न्यायिक आदेशों के अनुसार गर्भपात को वैध माना जाता है। ये शर्तें भिन्न-भिन्न राज्यों में भिन्न-भिन्न हैं। गर्भपात में पिता की सहमति ज़रूरी नहीं होती है और वह कानूनी रूप से गर्भपात को रोक नहीं सकता है। सभी न्यायिक क्षेत्राधिकारों में महिला को सूचित सहमति देनी पड़ती है।

प्रत्येक राज्य के लिए महत्वपूर्ण सूचना का संक्षिप्त सारांश और संबंधित कानूनों का एक लिंक नीचे दिया गया है। यह कानूनी परामर्श नहीं है।

ऑस्ट्रेलियाई राजधानी क्षेत्र में गर्भपात संबंधी कानून

गर्भपात को एक अपराध के रूप में *2002 में अपराध (गर्भपात के अपराध का उन्मुलन) अधिनियम* के द्वारा खत्म कर दिया गया था। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा अनुमोदित किसी अस्पताल में या इसके किसी भाग में किसी भी पंजीकृत चिकित्सीय अभ्यासकर्ता द्वारा गर्भपात करने की अनुमति है। हर किसी को गर्भपात में सहायता करने से मना करने का अधिकार है। ACT में मांग करने पर पूर्ण-कालिक गर्भपात कानूनी हैं क्योंकि गर्भकाल से सम्बन्धित कोई सीमाएँ नहीं हैं।

न्यू साउथ वेल्स में गर्भपात संबंधी कानून

गर्भपात अभी भी आपराधिक कानूनों के अंतर्गत आता है लेकिन लिवाइन आदेश 1971 के बाद यदि कोई चिकित्सक ऐसा सोचता है कि गर्भधारण से माता के शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य को खतरा है, तो गर्भपात को कानूनी रूप से वैध माना जाएगा। सामाजिक और आर्थिक विचारों को भी महत्व दिया जा सकता है। 14 वर्ष से कम आयु की लड़कियों को एक अभिभावक या संरक्षक से सहमति लेने की आवश्यकता है या सर्वोच्च न्यायालय से आदेश प्राप्त करने की आवश्यकता है। यदि कोई चिकित्सक ऐसा मानता है कि 14 या 15 वर्ष की लड़की पर्याप्त रूप से परिपक्व है, तो वह सूचित सहमति प्रदान कर सकती है। गर्भपात 20 सप्ताह तक किया जा सकता है। 1994 के किर्बी आदेश के अनुसार अवधि को बढा दिया गया था जिसके दौरान महिला के जीवन के दौरान किसी भी अवधि में स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर विचार किया जा सकता है।

क्वींसलैंड में गर्भपात संबंधी कानून

न्यू साउथ वेल्स की तरह क्वीन्सलैंड में भी गर्भपात आपराधिक कानूनों के अंतर्गत आते हैं, लेकिन न्यायिक आदेश (मैकगायर रूलिंग 1986) का अर्थ है कि यदि कोई चिकित्सक ऐसा मानता है कि महिला के शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य को खतरा है (गर्भधारण और जन्म के दौरान सामान्य जोखिमों के अलावा खतरे), तो गर्भपात को कानूनी रूप से वैध माना जाता है। इसी तरह से यदि भ्रूण किसी ऐसी अवस्था में है जो जीवन के अनुरूप नहीं है, तो गर्भपात किया जा सकता है। पारिवारिक चिकित्सक का परामर्श आवश्यक है और गर्भपात 22 सप्ताह तक किया जा सकता है।

साउथ ऑस्ट्रेलिया में गर्भपात संबंधी कानून

साउथ आस्ट्रेलिया में 1969 से गर्भपात कानूनी रूप से वैध है, यदि दो चिकित्सक सहमत हैं कि महिला के जीवन या शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य को बचाना अनिवार्य है या यदि बच्चे के गंभीर असामान्यता के साथ जन्म लेने की संभावना है। गर्भपात किसी अस्पताल में करना अनिवार्य है और रोगी को साउथ आस्ट्रेलिया का निवासी होना चाहिए। आपातकालीन स्थिति में इन प्रावधानों में छूट दी जा सकती है।

तस्मानिया में गर्भपात संबंधी कानून

गर्भधारण के 16 सप्ताह तक आग्रह करने पर गर्भपात कराया जा सकता है। 16 सप्ताह के बाद, यदि चिकित्सक उचित रूप से ऐसा

मानता है कि गर्भपात की अपेक्षा गर्भधारण के निरंतर रहने से महिला के शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य को खतरा है, तो चिकित्सक महिला की सहमति से गर्भपात कर सकता है। उस चिकित्सक को एक अन्य चिकित्सक से परामर्श लेना पड़ता है जो इससे सहमत हो। यह ज़रूरी है कि चिकित्सक कम से कम प्रसूति या स्त्री-रोग विशेषज्ञ हो। हानि के जोखिम का आंकलन करने में चिकित्सकों को महिला के शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों पर विचार करना चाहिए। किसी महिला को किसी अन्य चिकित्सक द्वारा परामर्शदाता के पास या गर्भपात करने वाले चिकित्सक के पास भेजने की ज़रूरत नहीं है।

नॉर्दर्न टेरिटरी में गर्भपात संबंधी कानून

यदि दो चिकित्सक सहमत हों, जिनमें से एक प्रसूति विशेषज्ञ/स्त्री-रोग विशेषज्ञ होना चाहिए, तो 14 सप्ताह तक गर्भपात कानूनी रूप से वैध है। चिकित्सकों को इस बात की संतुष्टि होनी चाहिए कि गर्भपात महिला के शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है या भ्रूण में कोई गंभीर असामान्यता है जिसके कारण गर्भपात अनिवार्य है। इसे किसी अस्पातल में सर्जरी द्वारा किया जाना चाहिए। नया कानून संसद में प्रस्तुत किया जा चुका है (जनवरी 2017)।

वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया में गर्भपात संबंधी कानून

सूचित सहमति से 20 सप्ताह तक गर्भपात करना कानूनी है लेकिन 16 वर्ष से कम आयु की लड़कियों के लिए यह प्रतिबंधित है। परामर्श गर्भपात करने वाले चिकित्सक को छोड़कर किसी अन्य चिकित्सक के द्वारा दिया जाता है। 20 सप्ताह के बाद यह केवल उस समय उचित है जब छह चिकित्सकों के एक पैनल में से दो चिकित्सक ऐसा मानते हैं कि माता में गंभीर चिकित्सीय या मनोवैज्ञानिक असामान्यताओं के लक्षण दिखाई दे रहे हैं, या भ्रूण असामान्य है। सूचित सहमति की आवश्यकता है और प्रक्रिया को मंत्री द्वारा अनुमोदित किसी अस्पताल में किया जाना चाहिए।

विक्टोरिया में गर्भपात संबंधी कानून

यदि गर्भपात एक पंजीकृत चिकित्सीय व्यावसायिक द्वारा किया जाता है, तो यह किसी भी कारण से 24 सप्ताह तक कानूनी रूप से वैध है।

24 सप्ताहों के बाद पंजीकृत चिकित्सीय व्यावसायिक यदि ऐसा मानता है कि सभी परिस्थितियों में गर्भपात करना उचित है और यदि वह एक अन्य पंजीकृत चिकित्सीय व्यावसायिक से सलाह ले चुका है, तो गर्भपात किया जा सकता है। उन्हें निम्न बातों पर विचार करना होगाः क) सभी चिकित्सीय परिस्थितियां, और ख) महिला की वर्तमान और भावी शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक परिस्थितियां।